आकाशवाणी चंडीगढ

28 नवम्बर 2025, समय 18:10

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जल संरक्षण और पेड़ लगाने सहित 9 संकल्पों के प्रति प्रतिबद्धता का आह्वान किया।

2. केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत रेलवे स्टेशन के तहत चल रहे कार्य का नीरीक्षण किया।

3. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन से आत्मनिर्भर भारत रेल यात्री–संपर्क अभियान की शुरुआत की।

4. सूचना प्रसारण और इलेक्ट्रानिक्स एंव प्रोद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मोहाली स्थित नेशनल स्टैंडर्ड सेमी कंडक्टर लैब को 4,500 करोड़ रुपये के निवेश से अपग्रेड किया जाएगा।

5. भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव आज समापन समारोह के साथ सम्पन्न हो रहा है।

***********************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए नौ संकल्प दिए हैं। श्री मोदी ने कर्नाटक के उडुपी में श्री कृष्ण मठ में लक्ष कंठ गीता पारायण कार्यक्रम में इन मुद्दों पर लोगों की प्रतिबद्धता का आह्वान किया।

श्री मोदी ने कहा कि उन्होंने देशवासियों से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, बाजरे का इस्तेमाल करके स्वस्थ जीवन शैली अपनाने, तेल का इस्तेमाल कम करने और योग को अपनी रोज़मर्रा की ज़िंदगी का हिस्सा बनाने की अपील की।

*हमारा पहला संकल्प होना चाहिए कि हमें जल संरक्षण करना है। पानी बचाना है, नदियों को बचाना हमारा दूसरा संकल्प होना चाहिए कि हम पेड़ लगाएंगे देशभर में एक पेड मां के नाम अभियान को गति मिल रही है। इस अभियान के साथ अगर सभी मठों का सामर्थ जुड जाएगा तो इसका प्रभाव और व्यापक होगा। तीसरा संकल्प कि हम देश के कम से कम एक गरीब का जीवन सुधारने का प्रयास करें।*

प्रधानमंत्री ने आज जिन नौ प्रस्तावों का ज़िक्र किया, उनमें से एक हमारी पुरानी पांडुपिलियों का संरक्षण भी हैं। उन्होंने कहा कि हमारा पुराना ज्ञान अगली पीढ़ी को दिया जाना चाहिए। उन्होंने भारतीयों से अपनी विरासत और परंपराओं के लिए जानी जाने वाली 25 जगहों पर जाने की भी अपील की।

*************************************************************************

केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत रेलवे स्टेशन के तहत चल रहे काम का नीरीक्षण किया। इस अवसर पर केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी उनके साथ मौजूद रहे। बाद में मोहाली में मीडिया से बातचीत करते हुए श्री अश्विनी वैष्णव ने चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन के पुनरुदार को लेकर कहा –

*************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन से आत्मनिर्भर भारत रेल यात्री–संपर्क अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू भी मौजूद रहे। यह अभियान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए विकसित भारत 2047 और वोकल फॉर लोकल के आह्वान को आमजन तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्वयं रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर जाकर तथा रेलगाड़ी में मौजूद यात्रियों से संपर्क कर 'आत्मनिर्भर भारत' के पत्रक वितरित किए।

मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने का रास्ता वोकल फॉर लोकल से होकर ही गुजरेगा। यह लक्ष्य तभी हासिल होगा जब देश में बनी वस्तुओं का अधिकतम उपयोग होगा और स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केवल 11 वर्षों में भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बन चुका है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि लोकल उत्पादों के उपयोग, उत्पादन को बढ़ावा देने और आत्मनिर्भरता को अपनाने से भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरेगा।

रेल्वे के विकास पर मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व में देशभर में रेल और सड़क संरचना को मजबूत किया गया है। चंडीगढ़, पंचकूला रेलवे स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत कायाकल्प किया जा रहा है। यह अभूतपूर्व विकास का उदाहरण है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत खिलाड़ी हार्दिक राठी पर एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि यह हादसा बेहद दुखद है। खेल विभाग और प्रशासन को लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। सरकार ने पूरे प्रदेश के स्टेडियमों में लगे खेल उपकरणों की स्थिति की रिपोर्ट भी मांगी है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के बयान पर उन्होंने कहा कि ऐसे संवेदनशील मामलों पर राजनीति नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि नशे की वजह से पंजाब के युवा बर्बाद हो रहे हैं, उस पर कुछ करने के बजाय पंजाब के मुख्यमंत्री राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भ्रामक प्रचार कर समाज में विभाजन पैदा करना दुर्भाग्यपूर्ण है।

**************************************************************************

आत्मनिर्भर भारत एवं स्वदेशी अभियान के तहत फरीदाबाद रेलवे स्टेशन पर भी "यात्री संपर्क अभियान" चलाया गया।

अभियान का नेतृत्व केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने किया। श्री गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वदेशी आज एक जन-आंदोलन बन चुका है, जिसने भारत को नई वैश्विक पहचान दी है।

उन्होंने कहा कि आर्थिक आत्मनिर्भरता ही वास्तविक सुरक्षा है। जब देश के उद्योग, किसान और श्रमिक मजबूत होंगे, तभी भारत विश्व में महाशक्ति के रूप में उभरेगा।

**************************************************************************

सूचना और प्रसारण और इलेक्ट्रानिक्स एंव प्रोद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सेमी कंडक्टर मिशन के तहत मोहाली में SCL फैसिलिटी को प्रशिक्षण , व्यापारिक उत्पादन और बेहतरीन अनुसंधान एंव विकास इकाई के तौर पर अपग्रेड करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि इसे अपग्रेड करने पर 4,500 करोड़ रुपये निवेश किए जाएंगे।

श्री वैष्णव आज मोहाली में नेशनल स्टैंडर्ड सेमीकंडक्टर लैब में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। श्री वैष्णव ने कहा –

श्री वैष्णव ने कहा कि प्रशिक्षण की वजह से यह आने वाली पीढ़ी के लिए एक अच्छी लैब बनेगी।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि इससे भारत को दुनिया की नंबर वन सुविधाओं के साथ चिप बनाने में अग्रणी देश बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने पंजाब सरकार से 25 एकड़ ज़मीन की भी मांग की ताकि SCL का और विस्तार किया जा सके और यह विश्व स्तरीय लैब बन सके। उन्होंने SCL के प्राइवेटाइज़ेशन की अफवाहों को भी गलत बताया और कहा कि SCL जैसी संस्था की वजह से इसका उत्पादन सौ गुना बढ़ जाएगा।
SCL में मंत्री ने प्रशिक्षण ब्लॉक का उद्घाटन भी किया, जो राष्ट्रपति अब्दुल कलाम और होमी भाभा को समर्पित है। उन्होंने नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक रमन के नाम पर बनी CV रमन सेमीकंडक्टर प्रोसेस गैलरी का भी उद्घाटन किया और वहां मौजूद कई स्टेट-ऑफ-द-आर्ट सुविधाओं की समीक्षा की और एक दस्तावेजी फिल्म भी देखी। उन्होंने सेमीकंडक्टर में बेहतरीन काम करने वाले कुछ वैज्ञानिकों को सम्मानित भी किया।
**********************************************************************

भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का 56वां संस्करण आज सम्पन्न हो रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि 20 नवंबर को गोवा में शुरू हुआ इफ्फी का यह यादगार सफ़र आज अपने अंतिम पड़ाव पर है। इस समय गोवा के श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम में समापन समारोह आयोजित किया जा रहा है। समापन समारोह में गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय में सचिव संजय जाजू सहित अनेक जानी-मानी हस्तियां भाग ले रही हैं।
इस वर्ष महोत्सव में 81 देशों की 240 से अधिक फिल्में दिखाई गईं। महोत्सव के दौरान कई प्रेरक मास्टरक्लास और संवाद-सत्र आयोजित किए गए, जिनमें शेखर कपूर, राजकुमार हिरानी, आमिर खान, रमेश सिप्पी, मुज़फ़्फ़र अली, नागार्जुन समेत फिल्म उद्योग की जानी-मानी हस्तियों ने अपने अनुभव तथा दृष्टिकोण साझा किए। साथ ही, भारतीय सिनेमा के स्वर्णिम-युग को आकार देने वाले दिग्गज फिल्मकार गुरुदत्त, राज खोसला तथा ऋत्विक घटक को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया ।
**********************************************************************